**यूको बैंक**

**सर्कल कार्यालय**

**5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001**

(दूरभाष: 011-23716206/23710360/23716206/49498227)

टेंडर नोटिस सं: 02/2015-16 दि. 01/07/2015

## परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता(Consultant) से नोटिस मंगाने संबंधी प्रस्ताव

यूको बैंक, फरीदाबाद के सेक्टर -14 के प्लाट न. 573,574 में रिहायशी बिल्डिंग का निर्माण करना चाहता है जिसकी लागत राशि 2.33 करोड़ है तथा इस कार्य के लिए प्रतिष्ठित प्रबंधन परामर्श दाताओं(Consultant) को व्यवसायिक सेवाएं देने के लिए मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

फरीदाबाद में बैंक की बिल्डिंग के निर्माण हेतु परामर्श कार्य के लिए हस्ताक्षरित एवं रेखांकित मुहरबंद टेंडर दो खंड प्रणाली में ; खंड -I (पूर्व योग्यता) तथा खंड-II (बोली दस्तावेज़) , सर्कल प्रमुख, सर्कल कार्यालय, प्रथम तल, 5, संसद मार्ग , नई दिल्ली-110001 में दो अलग - अलग लिफाफों में जमा कराना होगा। हम अन्य नियम एवं शर्तें नीचे दे रहे हैं :-

**टेंडर दस्तावेज़ की प्राप्यता :**

टेंडर दस्तावेज़ के दोनों पार्ट, पार्ट-I (पूर्व योग्यता दस्तावेज़) तथा पार्ट-II बोली संबंधी दस्तावेज़ बैंक की वेबसाइट www.ucobank.com से 1 जुलाई,15 से 22 जुलाई,15 तक डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**टेंडर जमा करने की तारीख एवं स्थान:**

सर्कल प्रमुख, सर्कल कार्यालय, प्रथम तल, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में 22 जुलाई,15 को 3.00 बजे तक ।

**टेंडर भेजने का पता:**

सर्कल प्रमुख<br>
सर्कल कार्यालय<br>
यूको बैंक,<br>
5, संसद मार्ग, प्रथम तल<br>
नई दिल्ली -110001

**बोली से पूर्व बैठक:**

सर्कल प्रमुख, सर्कल कार्यालय, प्रथम तल, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-1 में 11 जुलाई 2015 को 3.00 बजे।

**टेंडर खोलने की तारीख एवं स्थान:**

सर्कल प्रमुख, सर्कल कार्यालय, प्रथम तल, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-1 में 22 जुलाई 2015 को 4.00 बजे।

(तथापि तकनीकि बोली के पुनरीक्षण के बाद बोली की कीमत बाद की तारीख में खोल दी जाएगी तथा बोली खोलने की तारीख सभी योग्य बोलीकर्ताओं को समयपूर्व सूचित कर दी जाएगी)

**विविध शर्तें:**

| | |
|---|---|
| सर्विस टैक्स | बैंक द्वारा निर्धारित दर पर अलग से भुगतान किया जाएगा |
| अन्य टैक्स | दर में सभी टैक्स शामिल होने चाहिएं |
| कार्य का विषय-क्षेत्र | अनुच्छेद -I में दर्शाई गई कर्त्तव्य / जिम्मेवारियां कृपया इसे अपने हस्ताक्षर करके प्राप्ति स्वीकृत करने के रूप में लौटाएं |
| कार्य के प्रकार | बिल्डिंग का निर्माण कार्य जिसमें बिजली का काम, एअरकंडीशन का काम, लिफ्ट लगवाना, आग से सुरक्षा, वर्षा का जल एकत्र करने वाला ट्यूब-वेल, सोलर पावर प्लांट आदि |
| प्रस्ताव को निरस्त करना | टेंडर दस्तावेज़ में बताई गई शर्तों पर ही टेंडर आधारित होना चाहिए तथा टेंडरकर्ता कि अपनी शर्तों से अनुबद्ध नहीं होना चाहिए क्योंकि इस व्यतिक्रम से टेंडर में एकरूपता नहीं रहेगी। अगर मांगी गई कोई जानकारी नहीं दी गई तो प्रस्ताव/ टेंडर को अनुप्रमाणिक/ अपूर्ण माना जाएगा तथा उसे अस्वीकृत किया जा सकता है । |
| करार | प्रस्ताव को स्वीकार करने पर परियोजना प्रबंधक परामर्शदाता को निश्चित मूल्य के स्टांप पेपर पर अनुच्छेद - V में दिए गए करार के अनुसार काम करना होगा |

**टेंडर जमा करने की प्रणाली :**

1. **प्रथम सील कवर पार्ट-I ( पूर्व - योग्यता दस्तावेज़ ) से रेखांकित** :इसमें पेज नं. 6 में बताए गए दस्तावेज़ होंगे तथा बंद लिफाफे में बयाना राशि होगी। पार्ट-I में बताई गई शर्तों के अलावा और कोई शर्त नहीं मानी जाएगी ।

2. **द्वितीय सील कवर पार्ट-II ( बोली-दस्तावेज़) से रेखंकित** : इसमें बोली की राशि होगी। पार्ट-II में बताई गई शर्तों के अलावा और कोई शर्त नहीं मानी जाएगी ।

3.**तृतीय सील कवर** जिस पर कार्य का नाम, निट सं. तथा जमा करने एवं खोलने की तारीख एवं समय रेखंकित होगा। प्रथम सील कवर (**पार्ट-I**) तथा द्वितीय सील कवर (**पार्ट-II**) दोनों पर बोली लगाने वाले का नाम तथा पता होगा ।

बैंक किसी भी निम्नतम प्रस्ताव को स्वीकार करने को बाध्य नहीं है तथा बैंक को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए तथा बिना कोई कीमत या हरजाना अदा किए, किसी भी प्रस्ताव को नामंजूर कर सकताहै। इस संदर्भ में यूको बैंक का कोई भी निर्णय बोली लगाने वालों/प्रस्ताव पेश करने वालों के लिए मान्य होगा। संविदा के अधिनिर्णय की प्रतिसूचना यूको बैंक द्वारा लिखित रूप में विजयी टेंडरकर्ता को दी जाएगी ।

## सर्कल प्रमुख एवं महाप्रबंधक